# स्वामी विवेकानंद की 163 वीं जयंती के अवसर पर 'रन फॉर स्वदेशी' कार्यक्रम आयोजित

गोहाना, 12 जनवरी (रामनिवास धीमान): खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में आज स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। यह दिन आज 'विकसित भारत :युवाओं की शक्ति से राष्ट्र निर्माण' थीम पर मनाया जा रहा है। जिसमें युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश ने कार्यक्रम में मौजूद छात्राओं व स्टाफ को स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई। अपने संबोधन में कुलपति ने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'रन फॉर स्वदेशी' केवल एक दौड़ नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रचेतना, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक गौरव का सशक्त संदेश है।स्वामी विवेकानंद जी का संपूर्ण जीवन हमें आत्मबल, आत्मविश्वास और स्वाभिमान की शिक्षा देता है । कुलपति ने कहा कि आज की यह दौड़ विशेष रूप से छात्राओं को राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका की महत्वता का संदेश देती है। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो शिवालिक यादव कार्यक्रम आयोजक छात्रा कल्याण अधिष्ठाता प्रो श्वेता सिंह व एन एस कोऑर्डिनेटर डॉ बबिता भी मौजूद रहे।



रन फॉर स्वदेशी को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते कुलपति।

# स्वदेशी अपनाने से राष्ट्र होगा मजबूत : प्रो . सुदेश



कुलपति प्रो . सुदेश रन फार स्वदेशी को झंडी दिखाते हुए • सौ. प्रवक्ता

**वि., गोहाना :** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में सोमवार को रन फार स्वदेशी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि विश्वविद्यालय विवि द्वारा आयोजित रन फार स्वदेशी केवल एक दौड़ नहीं है बल्कि यह राष्ट्र चेतना, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक गौरव का सशक्त संदेश है। स्वामी विवेकानंद का संपूर्ण जीवन हमें आत्मबल, आत्मविश्वास और स्वाभिमान की शिक्षा देता है। प्रो. सुदेश ने कहा कि स्वदेशी, केवल वस्तुओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र विकास को लेकर एक विचारधारा है।

# स्वदेशी अपनाने से राष्ट्र होगा विकसित : प्रो. सुदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती पर भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) में 'रन फॉर स्वदेशी' कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम विकसित भारतः युवाओं की शक्ति से राष्ट्र निर्माण थीम पर आधारित था। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि हमारे विवि द्वारा आयोजित रन फॉर स्वदेशी केवल एक दौड़ नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र चेतना, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक गौरव का सशक्त संदेश है। स्वामी विवेकानंद का संपूर्ण जीवन हमें आत्मबल, आत्मविश्वास और स्वाभिमान की शिक्षा देता है। स्वामी ने कहा था उठो, जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।जब हम स्वदेशी अपनाएंगे तभी देश का हर व्यक्ति आत्मनिर्भर बनेगा और



गोहाना। रन फॉर स्वदेशी को हरी झंडी दिखाते हुए कुलपति प्रो. सुदेश। फोटो : हरिभूमि

राष्ट्र का सम्पूर्ण विकास होगा। कुलपति ने कार्यक्रम में विवि स्टाफ और छात्राओं को स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव, छात्रा कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता सिंह व एनएस को-ऑर्डिनेटर डॉ. बबीता विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# CAMPUS NOTES

## KHANPUR KALAN VARSITY SIGNS MoU




**Sonepat:** At a state-level programme held in Panchkula, under the chairmanship of Haryana Chief Minister Nayab Singh Saini, a memorandum of understanding (MoU) was signed between Swarna Jayanti Haryana Institute for Fiscal Management and Bhagat Phool Singh Mahila Vishwavidyalaya, Khanpur Kalan (Sonepat), under the "Gyan Setu" initiative. On this occasion, the Chief Minister also inaugurated the Neev Portal. The Vice-Chancellor, Prof Sudesh, informed that MoUs were exchanged with 28 reputed educational institutions, including the university. The objective of the MoU is to connect academic knowledge with real administrative and social challenges, ensuring that research contributes to governance and societal problem-solving. The Chief Minister stated that these collaborations will promote impact evaluation of government schemes, capacity-building programmes and internships and field engagement for students, thereby strengthening policy formulation and providing practical administrative exposure to youth. Explaining the Neev portal, Saini said it aims at real-time, fair and continuous assessment of NEP-2020 implementation through data-driven performance indicators and predictive analysis. Initially, the portal will be implemented in universities, followed by colleges and later schools and other institutions. The government aims to achieve 100 per cent NEP-2020 compliance and digital tracking across all educational institutions by 2047.

# बीपीएस महिला विश्वविद्यालय मे स्वामी विवेकानंद की 163 वीं जयंती के अवसर पर रन फॉर स्वदेशी कार्यक्रम का आयोजन





गोहाना, वायरल सच (अनिल जिंदल) : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां में आज स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। यह दिन आज "विकसित भारत : युवाओं की शक्ति से राष्ट्र निर्माण" थीम पर मनाया जा रहा है। जिसमें युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश ने कार्यक्रम में मौजूद छात्राओं व स्टाफ को स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई। अपने संबोधन में कुलपति ने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित रन फॉर स्वदेशी केवल एक दौड़ नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रचेतना, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक गौरव का सशक्त संदेश है। स्वामी विवेकानंद जी का संपूर्ण जीवन हमें आत्मबल, आत्मविश्वास और स्वाभिमान की शिक्षा देता है। उन्होंने कहा था उठो, जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। प्रो सुदेश ने कहा कि आज का यह कार्यक्रम उसी संकल्प का प्रतीक है—अपने देश पर गर्व करने का, स्वदेशी को अपनाने का और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहभागी बनने का।

उन्होंने कहा कि स्वदेशी, केवल वस्तुओं तक सीमित नहीं है, यह एक विचारधारा है—अपने श्रम, अपनी प्रतिभा, अपनी संस्कृति और अपने संसाधनों पर विश्वास करने की विचारधारा। जब हम स्वदेशी को अपनाते हैं, तो हम न केवल देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त करते हैं, बल्कि स्थानीय कारीगरों, किसानों, उद्यमियों और युवाओं के सपनों को भी मजबूती देते हैं।

कुलपति ने कहा कि आज की यह दौड़ विशेष रूप से छात्राओं को राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका की महत्वता का संदेश देती है। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो शिवालिक यादव कार्यक्रम आयोजक छात्रा कल्याण अधिष्ठाता प्रो श्वेता सिंह व एन एस कोऑर्डिनेटर डॉ बबिता भी मौजूद रहे।

# बीपीएस में स्वामी विवेकानंद की 163 वीं जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन





पल पल न्यूज: गोहाना, 12 जनवरी (अनिल जिंदल)। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां में आज स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। यह दिन आज विकसित भारत युवाओं की शक्ति से राष्ट्र निर्माण थीम पर मनाया जा रहा है। जिसमें युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश ने कार्यक्रम में मौजूद छात्राओं व स्टाफ को स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई। अपने संबोधन में कुलपति ने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित रन फॉर स्वदेशी केवल एक दौड़ नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रचेतना, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक गौरव का सशक्त संदेश है। स्वामी विवेकानंद जी का संपूर्ण जीवन हमें आत्मबल, आत्मविश्वास और स्वाभिमान की शिक्षा देता है। उन्होंने कहा था उठो, जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। प्रो. सुदेश ने कहा कि आज का यह कार्यक्रम उसी संकल्प का प्रतीक है अपने देश पर गर्व करने का, स्वदेशी को अपनाने का और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहभागी बनने का। उन्होंने कहा कि स्वदेशी, केवल वस्तुओं तक सीमित नहीं है, यह एक विचारधारा है अपने श्रम, अपनी प्रतिभा, अपनी संस्कृति और अपने संसाधनों पर विश्वास करने की विचारधारा। जब हम स्वदेशी को अपनाते हैं, तो हम न केवल देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त करते हैं, बल्कि स्थानीय कारीगरों, किसानों, उद्यमियों और युवाओं के सपनों को भी मजबूती देते हैं।